कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम
33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैक्टर–18 प्रथम तल,
अपोजिट सब मॉल, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

दूरमाषः– 0120–2970431
ई–मेलः–se1.noida@pvvnl.org
CIN-U131200UPS5GC027458

दिनांक : 22/05/25

पत्रांक : 1199 /वि0न0वि0मं0–प्रथम/नो0/निविदा

विषयः– ई–निविदा सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
नई दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
दिल्ली।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 23.05.2025 के अंक में कम से कम स्थान में निदेशक (वितरण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ के पत्र सं0 488/रेस्पो/द्वि0प्र0/दिनांक 06.03.2025 द्वारा दिये गये निदेशों के अनुसार प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

1. संलग्न विज्ञापन का 8 से0मी0 चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 colums of newspaper) में प्रकाशित करें।
2. "पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम" – Bold, Hindi Font – Kruti Dev 010 size 14, English Font – Times New Roman size 12 में प्रकाशित करें।
3. "अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा" एवं "ई–निविदा सूचना, दिनांक" – Bold, Hindi Font – Kruti Dev 010 size 12, English Font – Times New Roman size 10 में प्रकाशित करें।
4. अन्य विवरण – Hindi Font – Kruti Dev 010 size 10, English Font – Times New Roman size 8 (Using Bold & Un-Bold as shown in specimen) में प्रकाशित करें।
5. हिन्दी फॉन्ट Kruti Dev 010 एवं फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
6. अंगेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10–12 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
7. प्रकाशन running matter के स्थान पर संलग्न प्रारूप में यथा स्वरूप ही प्रकाशित किया जाये।
8. कॉलम की ऊचाई content के अनुसार परिवर्तनीय (variable) रहेगी। पंक्तियों के बीच का space संलग्न प्रारूप के अनुरुप रहेगा। इस space को बढ़ाकर विज्ञापन का आकार (height) अनावश्यक रूप से न बढ़ाया जाये।
9. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉं अलग–अलग संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव न होगा।
10. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबंधित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
11. टेन्डर/सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।
12. यदि आपकी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन डी0ए0वी0पी0 निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
13. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

(विवेक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक : /वि0न0वि0मं0–प्रथम/नो0/निविदा/तद्दिनांक :

SUPERINTENDING ENGINEER
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता (वाणिज्य), प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया संलग्न निविदा सूचना को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ की वेबसाइट पर डलवाने का कष्ट करें।
2. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा।
3. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
4. लेखाधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा।

संलग्नक : यथोपरि ।

(विवेक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा**

ई–निविदा सूचना, दिनांक : 22.05.2025

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. **15/EUDC-I/2025-26/Noida,** पावर परिवर्तकों की डेल्टा अर्थिंग का कार्य (EUTD-I), प्रपत्र शुल्क – रू. 1180, धरोहर राशि रू. 5.90 लाख।
2. **16/EUDC-I/2025-26/Noida,** क्षतिग्रस्त एस.टी. पोलों की एंगिल लगाकर वैल्डिंग द्वारा मरम्मत करने का कार्य (EUDD-I/V/VII), प्रपत्र शुल्क – रू. 1180, धरोहर राशि रू. 3.00 लाख।
3. **17/EUDC-I/2025-26/Noida,** एल.टी. भूमिगत केबिल फाल्ट को बाह्य Cable Fault Locator द्वारा निराकरण का कार्य (EUDD-I/V/VII), प्रपत्र शुल्क – रू. 1180, धरोहर राशि रू. 5.00 लाख।

**ई–निविदा की अंतिम तिथि :** 06 जून 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

SUPERINTENDING ENGINEER
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)